**Class-X**

# Hindi

**SECTION A (Attempt all questions from this Section)**

**Max. Marks: 80**

**Q 1 Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:**

निम्नालिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए: **[15]**

(i) चुनाव लोकतंत्र का महान उत्सव होता है । आप अपने क्षेत्र के किसी चुनावी परिदृश्य का वर्णन कीजिए।


(ii) हमारे देश में अनेक सांस्कृतिक धरोहर हैं। इनकी रक्षा के उपायों पर तर्कसम्मत विवरण प्रस्तुत कीजिए।

(iii) एक ऐसी मनोरंजन घैटना का वर्णन कीजिए जब आपको अपने परिवार सहित घर बदलना पड़ा।

(iv) कहानी का अंतिम वाक्य होगा:

"......................दूध का जला छाछ भी फूँक–फूँककर पीता है।"

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए तथा चित्र के आधार पर कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से हो।



**Q 2 Write a latter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below: [7]**

निम्नालिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:

(i) अपेक्षित देखरेख न होने के कारण निरंतर सूखते पेड़ों की दयनीय स्थिति की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए अपने क्षेत्र के उद्यान अधिकारी को पत्र लिखिए।

(ii) आपका छोटा भाई सारा दिन कंप्यूटर पर विभिन्न खेल खेलता रहता है। कंप्यूटर से होने वाली हानियों का वर्णन करते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

**Q 3** निम्नालिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

यह घटना एक समय की है जब इटली अपने एक पड़ोसी देश के साथ युदध लड़ रहा था। एक युवक एक पहाड़ी की चोटी पर बैठा हुआ दूरबीन से युदध का दृश्य देख रहा था। युदध में कुछ सैनिक मर चुके थे और कुछ अपने जीवन की अंतिम घड़ियाँ गिन रहे थे सैनिको की दयनीय दशा देखकर वह युवक अत्यंत द्रवित हो गया और उसकी आँखों से आँसू बह निकले। दरअसल वह युवक सम्राट नेपोलियन से मिलने पेरिस गया था, किंतु जब उसे पता चला कि सम्राट मोर्चे पर गए हुए हैं तो वह उनसे मिलने मोर्चे की ओर ही चल पड़ा था। किंतु मोर्चे का दृश्य देखकर वह सम्राट से मिलने की बात बिल्कुल ही भूल बैठा तभी उसे सूचना मिली कि घायल सैनिक गिरजाघर मे हैं तो वह तुरंत उनकी सहायता के लिए वहाँ जा पहुँचा और उनकी सेवा में लग गया। इस बीच युदध समाप्त हो गया।

अब उसके मन मे यही बात कौंध रही थी कि कुछ भी हो, घायलो की सेवा के लिए एक ऐसा दल होना चाहिए जो तुरंत मौके पर पहुँचकर उनकी सहायता कर उन्हें नया जीवन प्रदान करे। उसने इस विचार को अंजाम देने के लिए घायलों की सेवा करने वालों का एक दल तैयार किया। इसके बाद उसने अपने अथक प्रयासों से इस दल को एक अंतराष्ट्रीय संस्था के रूप में मान्यता

Downloaded From www.icseboard.org

तुरंत घायल सैनिकों की सेवा में जुट जाते हैं। वे सदस्य तटस्थ माने जाते हैं और एक विशेष प्रकार की पोषाक पहनते हैं जिस पर एक विशेष चिह्न बना रहता है। उस संस्था का नाम रेडक्रास है, जिसका संस्थापक यही युवक था। इस युवक का नाम जीन हेनरी दूना था जो जिनेवा के एक मध्यवर्गीय परिवार में पैदा हुआ था। प्रत्येक वर्ष जीना हेनरी के जन्मदिन 8 मई को रेड़क्रास दिवस मनाया जाता है।

(i) युवक पहाड़ी पर बैठा हुआ क्या कर रहा था? बाद में उसे कैसा महसुस हुआ? [2]

(ii) युवक कहाँ ओर किससे मिलने गया था? [2]

(iii) युवक के मन में कौन –सा विचार आया? उसने क्या किया? [2]

(iv) युध्द में घायल सैनिको की मदद करने वाली संस्था का क्या नाम है? इसकी स्थापना किसने की? [2]

(v) जीन हेनरी कौन था? वह कैसे परिवार से संबंध रखता था? [2]

Q 4 Answer the following according to the instruction given: [8]

निम्नालिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार बताएँ।

(i) पर्यायवाची बताइए।
निम्नालिखित में से कौन सा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है?
(A) कुसुम (B) नीरज (C) पंकज (D) जलज

(ii) अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखिए। (दूसरे लोक से संबधित)
(A) परलौकिक (B) अलौकिक (C)पारलौकिक (D) इनमें से कोई नहीं

(iii) भाववाचक संज्ञा बनाइए। ( 'लाल' )
(A) लाली (B) लालू (C) लालु (D) लालिमा

लिंग बदलिए

(iv) 'लाला' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा?
(A) लालाइन (B) ललाइन (C) ललाईन (D) लाली

(V) कारक चिह्न बताइए। ( दादा जी ने बच्चों को मिठाइयाँ दी)
(A) कारण (B) संप्रदान (C) संबंध (D) कर्म

(Vi) वाक्य में रेखकिंत शब्द सर्वनाम का कौन –सा भेद हैं?
यह_खरगोश तेज भागता है।
(A) परिमाणवाचक (B) गुणवाचक (C) संखयावाचक (D) सार्वनामिक

(Vii) क्रिया का काल बताइए। शायद आज वर्षा होगी– इस वाक्य में क्रिया का काल क्या है?
(A) भविष्यत काल (B) भूतकाल (C) वर्तमान काल ;D) अन्य

(Viii) मुहावरे का अर्थ लिखिए (हाथ–पाँव फूलना )
(A) हाथ–पाँव में दर्द होना (B) बीमार होना (C) बलशाली होना D) घबरा जाना

**SECTION B (Attempt four questions from this Section)**

**Q 5 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**
निम्नालिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

उन दिनों एक कथा प्रचलित थी। यज्ञो के फल का कय विकय हुआ करता था। छोटा–बड़ा जैसा यज्ञ होता, उनके अनुसार मूल्य मिल जाता। [महायज्ञ का पुरस्कार –यशपाल जैन]

(i) उन दिनों कौन –सी प्रथा प्रचलित थी? [2]

(ii) यज्ञों के फल के कय विकय से क्या लाभ होता था? [2]

(iii) सेठ जी ने किसे यज्ञ बेचने की सोची और क्यों? [3]

Downloaded From www.icseboard.org

(iv) सेठानी ने रास्तें के लिए क्या तैयारी की? [3]

Q 6 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-

निम्नालिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

बालक फिर आँखों से बोलकर मूक खड़ा रहा। आँखे मानो बोलती थीं–'यह भी कैसा मूर्ख प्रश्न है!'

[अपना अपना भाग्य – जैनेन्द्र कुमार]

(i) लेखक के मित्र ने बालक से क्या प्रश्न पूछा? [2]

(ii) बालक भूखा क्यों था और उसके पास सोने के लिए जगह क्यों नहीं थी? [2]

(iii) क्या बालक को रात गुजारने को स्थान और नया काम मिल पाया? यदि नही तो क्यों? [3]

(iv) दुनिया की बेहयाई छिपाने के लिए प्रकृति ने क्या इंतजाम किया? [3]

Q 7 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-

निम्नालिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

बड़े घर की बेटी किफायत क्या जाने। उसने सब घी माँस में डाल दिया। लालबिहारी खाने बैठा तो दाल में घी न था। बोला –"दाल में घी क्यों नहीं छोड़ा।

[बड़े घर की बेटी–प्रेमचंद]

(i) एक दिन दोपहर में कौन, क्या लाया? [2]

(ii) आनंदी ने क्या किया? [2]

(iii) लालबिहारी कौन है? उसके क्रोधित होने का क्या कारण था? विस्तार से लिखिए। [3]

(iv) पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। [3]

Q 8 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-

निम्नालिखित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

मेघ आए बड़े बन–ठन के सँबर के।
आगे–आगे नाचती–गाती बयार चली,
दरवाजे–खिड़कियाँ खुलने लगीं गली–गली,
पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के।
मेघ आए बड़े बन–ठन के संवर के।

[मेघ आए –सर्वेश्वर दयाल सक्सेना]

(i) मेघ कहाँ आए हुए है? कवि को मेघ देखकर क्या प्रतीत हो रहा? [2]

(ii) 'बयार' शब्द से आप क्या समझते है? कवि इसके बारे में क्या बताना चाहता है? [2]

(iii) दरवाजे–खिड़कियाँ क्यों खुलने लगीं हैं? किसका स्वागत कहाँ पर किस प्रकार किया जाना है? कवि के भाव स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) कविता का केंद्रीय भाव लिखिए। [3]

Downloaded From www.icseboard.org

**Q 9 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**
निम्नालिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

खीजत जात माखन खात।
अरूण लोचन, भौंह टेढ़ी बार बार जम्हात।।
कबहूँ रूनझुन चलत घुटुरन, धूर धूसर गात।
कबहूँ झुक कैं अलक खेंचत नैन जल भर लात।।
कबहूँ तुतरे बोल बोलत, कबहूँ बोलत तात।
'सूर' हरि की निरखि सोभा, निमिख तजत न मात।।

[पद –सूरदास]

(i) कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन इस पद के आधार पर कीजिए। [2]

(ii) कबहूँ झुक के अलक खेचत, नैन जल भर लात' पंक्ति की व्याख्या करते हुए बताइए कि वे ऐसा क्यों कर रहें है? [2]

(iii) माँ यशोदा एक क्षण के लिए भी क्या त्यागना नहीं चाहती? [3]

(iv) शब्दार्थ लिखिए –खीजत जात, अरूण लोचन, अलक, निमिख, गात [3]

**Q 10 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**
निम्नालिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

कुछ साथ में चलत रहे
कुछ बीच ही से फिर गए
पर गति न जीवन की रूकी
जो गिर गए सो गिर गए चलत रहे हर दम,
उसी की सफलता अभिराम है,
चलना हमारा काम है

[चलना हमारा काम है–शिव मंगल सुमन]

(i) राह में साथ चलने वाले राहियों के विषय में कवि ने क्या बताया है? [2]

(ii) किसको सफलता अभिराम होती है? [2]

(iii) जीवन चक के विषय मे कवि क्या कहना चाहते है? [3]

(iv) कवि ने निरन्तर चलते रहने के लिए क्यों कहा है? निरन्तर चलते रहने से क्या होगा? [3]

Downloaded From www.icseboard.org